बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योoस्थाo4 / 1–08 / 2022 /योoविo,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

डाक / ई–मेल

अपर सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषय : **प्रेषित किये गये पत्र में प्रेषक का नाम एवं पदनाम अंकित किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग को प्रेषित अधिकांश पत्रों में प्रायः प्रेषक का नाम उनके पदनाम के साथ अंकित नहीं होता है। इस कारण से उनका नाम पता करने में कार्यालय समय का व्यर्थ में क्षति होता है। इसके अतिरिक्त यदि भविष्य में प्रेषक के संबंध में कोई कार्रवाई करना पड़ जाए तो उनका नाम पता करने में और भी कार्यालय समय की क्षति हो सकती है। यदि प्रेषक द्वारा स्वयं के संबंध में पत्र प्रेषित किया जा रहा है तो उस स्थिति में उनके पदनाम के साथ नाम का अंकित होना और भी आवश्यक हो जाता है ताकि पत्र के अवलोकन के साथ ही पत्र प्रेषक का नाम स्पष्ट हो जाए।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विभाग को प्रेषित पत्र में प्रेषक अपने पदनाम के साथ अपना नाम स्पष्ट रूप में अंकित करने / कराने की कृपा करेगें।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योoस्थाo4 / 1–08 / 2022 /योoविo,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – बिहार योजना सेवा एवं बिहार अवर योजना संवर्ग के सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योoस्थाo4 / 1–08 / 2022 1951 /योoविo,पटना,दिनांक 17 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव